केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय राँची
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, REGIONAL OFFICE, RANCHI
(An Autonomous Body underMinistry of Education, Govt. of India
के.वि. नामकुम परिसर, नामकुम राँची, झारखंड-834010
KV, Namkum Campus, Namkum, Ranchi, Jharkhand-834010
फोन: 9264436970(DC), 9102992109(AC), 9102992107(AO), 9102992108 (FO)
E-mail: dcroranchi@gmail.com,acroranchi@gmail.com
aororanchi@gmail.com,hindiroranchi@gmail.com
Website: https://roranchi.kvs.gov.in

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फा. 40025/केविसं(क्षे०का०राँची)/हिं/ 2026-27 24164-65 दिनांक: 14.10.2026

ई-मेल द्वारा

संयुक्त आयुक्त (प्रशासन)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय)
नई दिल्ली – 110016

विषय :- हिंदी माह रिपोर्ट 2026 का प्रेषण।

महोदया,

उपर्युक्त विषय पर दिनांक 31.08.2026 के आपके पत्रांक फा.सं.11025/19(1)/2023/केविसं (मु.)/ हिं/ 13370-13403 के संबंध में इस कार्यालय में आयोजित हिंदी माह सितंबर 2026 की रिपोर्ट आपके अवलोकन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि।

(एस.वी.जोगलेकर)
उपायुक्त

प्रतिलिपि:-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (केन्द्रीय कार्यालय-2), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, भविष्य निधि भवन, हिनू डोरण्डा, राँची, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन,

क्षेत्रीय कार्यालय, राँची में आयोजित हिन्दी माह 2026 की रिपोर्ट




केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची में दिनांक 01 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026 के दौरान हिंदी माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 01 सितंबर 2026 को दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस वर्ष हिंदी पखवाड़े के स्थान पर हिंदी माह के आयोजन किया गया। के.वि.सं.(मुख्यालय) द्वारा जारी हिंदी माह हेतु जारी कार्यक्रम के प्रारूप के अनुसार रांची संभाग में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई।




हिंदी माह के शुभारम्भ में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में हिंदी में प्रकाशित कागज़ातों, हिंदी पुस्तकों, द्विभाषी फॉर्म, बैठक के कार्यवृत्त, हिंदी कार्यशाला की रिपोर्ट, लेखा रिपोर्ट, प्रशासनिक रिपोर्ट, पत्रिका, राजभाषा पुरस्कार, धारा 3(3) के अंतर्गत जारी कागज़ात, द्विभाषी रबड़ मोहर की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें कार्यालय के सभी कार्मिकों नें अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। प्रदर्शनी का लाभ सभी कार्मिकों ने उठाया। प्रदर्शनी के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राजभाषा संबंधी नियमों के अनुपालन एवं सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रतिज्ञा पत्र का भी सामूहिक पाठ किया।

हिंदी माह के दौरान दिनांक 03.09.2026 को सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कार्यालय के सब-स्टाफ श्री रौशन मुंडा ने अपनी सहभागिता की। दिनांक 09.09.2025 को हिन्दी में टिप्पण एवं प्रारूप लेखन की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कार्यालय के सभी डीलिंग हैंड (संबंधित सहायक) द्वारा भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए टिपण्णी एवं प्रारूप का मूल्यांकन विषय-विशेषज्ञ द्वारा करवाया गया जिसके पश्चात श्री संजय कुमार, अनुभाग अधिकारी को प्रथम पुरस्कार, श्री कुंडल मेहता , सहायक अनुभाग अधिकारी को द्वितीय पुरस्कार, श्री मधुप कुमार, सहायक अनुभाग अधिकारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।



जारी -2-


हिंदी माह की अगली प्रतियोगिता हिंदी टंकण रही। दिनांक 04.09.2026 को खराब मौसम के कारण इंटरनेट की अनुपलब्धता रही, इस कारण हिंदी टंकण की प्रतियोगिता का आयोजन स्थगित करते हुए दिनांक 28.09.2026 को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कार्यालय के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सचिवालय सहायकों ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की एवं प्रथम स्थान- श्री राजेश कुमार, कनिष्ठ सचिवालय सहायक, द्वितीय स्थान- श्रीमती रीता महेन्द्र दूबे, वरिष्ठ सचिवालचय सहायक, तृतीय स्थान- श्री निर्मल कुमार मंडल, कनिष्ठ सचिवालय सहायक ने अर्जित किया।



दिनांक 14.09.2026 को संभाग में हिंदी दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन सभी कार्मिक एकत्रित हुए एवं उपायुक्त की अद्यक्षता में माननीय शिक्षा मंत्री एवं आयुक्त महोदय द्वारा जारी अपील का वाचन किया गया। इसके साथ ही राजभाषा हिंदी की महत्ता पर गहन चर्चा हुई तथा कर्मचारियों ने राजभाषा हिंदी पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



अगली प्रतियोगिता दिनांक 17.09.2026 को निबंध लेखन पर हुई। इस प्रतियोगिता में विषयों के कुल 04 विकल्प दिए गए जो चार भिन्न क्षेत्र से संबंधित थें। इस प्रतियोगिता में कुल 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा श्री सत्येन्द्र प्रसाद, सलाहकार ने प्रथम, श्री अकील अहमद, वरीष्ठ सचिवालय सहायक ने द्वितीय तथा श्री ब्रजेश कुमार सिंह ने तृतीय स्थान अर्जित किया।




पांचवी प्रतियोगिता एक विशेष प्रतियोगिता रही जिसमें प्रतियोगिता को एक नया रूप प्रदान किया गया। यह प्रतियोगिता कार्यालय में अनुभागों की राजभाषा कार्यान्वयन प्रदर्शनी की रही। इसमें प्रतिभागियों ने समूह में प्रतिभागिता की तथा वर्षभर के दौरान राजभाषा से संबंधित सभी प्रावधानों के अनुपालनार्थ में जारी सभी पत्रों, आदेशों, प्रपत्रों, पंजिकाओं, नामपट्टों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु विषय एवं निर्धारित अंकों से प्रतिभागियों को पहले से ही अवगत करवाया गया तथा विषय-विशेषज्ञ द्वारा मूल्यांकन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी अनुभागों ने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया परन्तु लेखा अनुभाग ने प्रथम स्थान अपने नाम किया। द्वितीय स्थान प्रशासन अनुभाग तथा तृतीय स्थान शैक्षिक अनुभाग को प्राप्त हुआ। विजेताओं को राजभाषा कार्यान्वयन प्रदर्शनी हेतु शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जारी -3-

छठी प्रतियोगिता अनुवाद एवं प्रशासनिक शब्दावली की रही जो दिनांक 23.09.2026 को आयोजित की गई । इसमें कुल 11 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की । यह प्रतियोगिता मनोरंजक होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी रही। प्रतिभागियों को हिंदी अनुवाद हेतु एक परिच्छेद प्रदान किया गया तथा कार्यालय में प्रयुक्त होने वाले प्रशासनिक शब्दों का हिंदी एवं अंग्रेजी पर्याय लिखने के लिए कहा गया। प्रतियोगिता की उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच विषय –विशेषज्ञ द्वारा करवाया गया एवं परिणाम स्वरूप श्री शिशिर सौरभ (कनिष्ठ सचिवालय सहायक), श्री सूर्य भूषण कुमार, (वरिष्ठ सचिवालय सहायक), श्री अमित कुमार (वरिष्ठ सचिवालय सहायक) ने अपने लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान सुरक्षित किया।



सातवीं प्रतियोगिता दिनांक 23.09.2026 को कविता पाठ पर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के मूल्यांकन हेतु विषय विशेषज्ञ की निर्णायक मंडली का गठन किया गया एवं निर्णय लिया गया । निर्णय के पश्चात श्रीमती भारती कुमारी, आशुलिपिक -1 ने प्रथम प्राप्त किया । द्वितीय पुरस्कार विजेता श्री दीपेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सचिवालय सहायक रहें।



इस प्रकार कार्यालय के सभी कार्मिकों ने किसी न किसी प्रतियोगिता में अपना सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त किया । दिनांक 28.09.2026 को आयोजित कार्यशाला के दौरान तिमाही प्रपत्र पर विस्तृत चर्चा की गई तथा दिनांक 30.09.2026 को राजभाषा कार्यान्वयन पर विशेष व्याख्यान हेतु रांची के वरिष्ठ साहित्यकार एवं ब्रॉडकास्टर श्री पंकज मित्र को आमंत्रित किया गया। व्याख्यान में उन्होंने भाषा की महत्ता को स्पष्ट किया एवं प्रभावशाली संप्रेषण के तरीकों से सभी को अवगत करवाया। दिनांक 30.09.2026 को ही हिंदी माह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के कर कमलों से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान किया गया।



जारी -4-

पुरस्कार वितरण के उपरांत रांची संभाग के उपायुक्त, श्री एस.वी.जोगलेकर ने कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राजभाषा के निर्धारित लक्ष्य, नीति तथा कार्यालय की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया साथ राजभाषा के प्रयोग संबंधी संवैधानिक दायित्व का पुनःस्मरण करवाया एवं हिंदी माह के सफल आयोजन एवं प्रतिभागियों की सफलता के लिए उन्हें साधुवाद दिया। इसके पश्चात श्रीमती, रीता महेन्द्र दूबे, वरीष्ठ सचिवालय सहायक ने हिंदी माह के सफल आयोजन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी सहभागियों का आभार प्रकट किया एवं अध्यक्ष की अनुमति से हिंदी माह के समापन की धोषणा की।

14/10/25

(बलेन्द्र कुमार)

सहायक आयुक्त सह राजभाषा अधिकारी

14.10.25

(एस.वी.जोगलेकर)

उपायुक्त